भारत सरकार

नागर विमानन मंत्रालय

लोक सभा

मौखिक प्रश्न संख्या : **259**

दिनांक 5 दिसम्बर, 2019 / 14 अग्रहायण, 1941 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

क्षेत्रीय कनेक्टिविटी स्कीम

*** 259. श्री हंस राज हंस:**

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने क्षेत्रीय कनेक्टिविटी स्कीम (आरसीएस) के अंतर्गत नवगठित जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख संघ राज्यक्षेत्रों के दूरस्थ क्षेत्रों में एयरलाइनों का प्रचालन शुरू करने के लिए कोई रूपरेखा तैयार की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) इन संघ राज्यक्षेत्रों में विमानपत्तन अवसंरचना को सुदृढ़ करने के लिए सरकार द्वारा किन कदमों को उठाए जाने का विचार है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (श्री हरदीप सिंह पुरी)

(क) तथा (ख): विवरण सदन के पटल पर रखा गया है।

*****

"क्षेत्रीय कनेक्टिविटी स्कीम" के संबंध में दिनांक 05.12.2019 के लोक सभा के मौखिक (*) प्रश्न सं. 259 के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क): नागर विमानन मंत्रालय ने क्षेत्रीय विमान सम्पर्कता को बढ़ावा देने तथा जनसाधारण के लिए विमान यात्रा को किफायती बनाने के लिए दिनांक 21.10.2016 को क्षेत्रीय सम्पर्कता योजना (आरसीएस) - उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) योजना आरंभ की है। क्षेत्रीय सम्पर्कता योजना - उड़ान, बाजार आधारित तंत्र है। इच्छुक एयरलाइनें समय-समय पर विशिष्ट मार्गों पर मांग के अपने आकलन के आधार पर, क्षेत्रीय सम्पर्कता योजना - उड़ान के अंतर्गत बोली प्रक्रिया में अपना प्रस्ताव प्रस्तुत करती हैं। क्षेत्रीय सम्पर्कता योजना - उड़ान - 4.0 दस्तावेज की अल्पसेवित/असेवित हवाईअड्डों की, अस्थाई सूची में जम्मू और कश्मीर राज्य सरकार ने, राज्य में क्षेत्रीय सम्पर्कता योजना - उड़ान के क्रियान्वयन के लिए त्रिपक्षीय करार पर हस्ताक्षर किए थे। जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख केन्द्र शासित प्रदेशों (यूटी) के तेरह असेवित तथा एक अल्पसेवित हवाईअड्डा शमिल हैं, जिनके संबंध में इच्छुक एयरलाइनों द्वारा बोली लगाई जानी है।

बोली प्रक्रिया के दूसरे व तीसरे चरण में, जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख केन्द्र शासित प्रदेशों को जोड़ते हुए चयनित एयरलाइन प्रचालकों को प्रदान किए गए आरसीएस - उड़ान मार्गों का ब्यौरा, अनुबंध के रूप में संलग्न है।

(ख): इन केन्द्र शासित प्रदेशों में हवाईअड्डा अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:

(i) भारतीय विमानपत्तपन प्राधिकरण द्वारा जम्मू हवाईअड्डे पर रनवे का विस्तार।

(ii) श्रीनगर हवाईअड्डे पर मौजूदा टर्मिनल भवन के विस्तार करने के क्रम में, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा विस्तृत योजना को तैयार करने के लिए प्रबंधन परामर्शदाता की नियुक्ति।

(iii) भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने 480 करोड़ रूपए की लागत से लेह हवाईअड्डे पर नए टर्मिनल भवन के निर्माण से संबंधित मामला अपने हाथ में लिया है।

(iv) एयरबस-320 किस्म के विमान प्रचालन के लिए उपयुक्त सिविल प्रचालनों हेतु कारगिल हवाईअड्डे के विकास के लिए, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के बहु-विषयक दल द्वारा पूर्व-व्यवहार्यता अध्ययन किया गया है। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने कारगिल हवाईअड्डे पर बी-737 जैसे विमानों के प्रचालनों हेतु, आगे की व्यवहार्यता का पता लगाने के लिए अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन के साथ यह मामला उठाया है।

(v) आरसीएस प्रचालनों के अंतर्गत, थोइस हवाईअड्डे के विकास के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा पूर्व-व्यवहार्यता- अध्ययन किया गया है।

*****

अनुबंध

लोकसभा के दिनांक 05.12.2019 के मौखिक प्रश्न संख्या 259 के उत्तर से संबंधित विवरण

क्षेत्रीय सम्पर्कता योजना (आरसीएस)-उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) के अंतर्गत बोली प्रक्रिया के दूसरे व तीसरे चरण में चयनित एयरलाइन प्रचालकों को प्रदान किए गए मार्गों का ब्यौरा-जो केन्द्रशासित प्रदेशों जम्मू और कश्मीर तथा लद्दाख के साथ संपर्कता प्रदान करते हैं।

आरसीएस-उड़ान की बोली प्रक्रिया का चरण	हवाईअड्डे से	हवाईअड्डे तक	प्रचालक	प्रचालन आरंभ होने से संबंधित स्थिति
2	जम्मू	भटिंडा	एलायंस एयर	दिनांक 27.02.2018 को प्रचालन आरंभ किया गया।
	कारगिल	श्रीनगर	मेएयर	चयनित एयरलाइन प्रचालक (एसएओ) द्वारा एसएओ करार के गैर अनुपालन के कारण इन मार्गो को रद्द किया गया। यदि उड़ान योजना की बोली प्रक्रिया के भावी चरण में कोई वैध बोली प्राप्त होती है तो उस पर योजना दस्तावेज के अनुसार विचार किया जाएगा।
	श्रीनगर	कारगिल	मेएयर	
3	श्रीनगर	अंबाला	जूम एयर	योजना के प्रावधानों के अनुसार, चयनित एयरलाइन प्रचालक (एसएओ) को समझौते पर हस्ताक्षर करने के छह महीने के भीतर या हवाईअड्डों के तैयार होने के साठ दिनों के भीतर इनमें से जो भी बाद में हो, आरसीएस प्रचालन आरंभ करना होगा।
	जम्मू	ग्वालियर	स्पाइसजेट	दिनांक 01.05.2019 को प्रचालन आरंभ किया गया।
	जम्मू	कारगिल	हेरिटेज	चयनित एयरलाइन प्रचालक (एसएओ) द्वारा एसएओ करार के गैर अनुपालन के कारण इन मार्गो को रद्द किया गया। यदि उड़ान योजना की बोली प्रक्रिया के भावी चरण में कोई वैध बोली प्राप्त होती है तो उस पर योजना दस्तावेज के अनुसार विचार किया जाएगा।
	कारगिल	जम्मू	हेरिटेज	
	श्रीनगर	थोइस	हेरिटेज	
	थोइस	चंडीगढ़	हेरिटेज	
	थोइस	श्रीनगर	हेरिटेज	